Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-06-2023 | अंक 583

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## 60 लाख से अधिक मूल्य का शराब बरामद

**अपेम लाइव चंदवारा**





कोडरमा चंदवारा पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया शराब तस्करों का उद्भेदन प्रखंड अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर बेंदी पंचायत अंतर्गत ओकरचूया गांव में ईट भट्ठा के पीछे सुकर सिंह के घर पर छापेमारी की गई जिनमें घर के दो कमरों से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया इंपीरियल ब्लू विस्की के 750 एम .एल कि 348 पेटी 375 एम एल कि 248 पेटी एवम 180एम एल कि 160 पेटी बरामद कि गई। जहां उसके मिट्टी घर से 756 अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद शराब की अनुमानित मूल्य लगभग 60 लाख से अधिक है लगभग 16 घंटे की मशक्कत के बाद बिहार राज्य के सुदूरवर्ती जंगली सीमा से बरामद किया गया सुकर सिंह के द्वारा पूछताछ करने पर बताया कि यह सभी शराब की पेटियां स्थानीय वार्ड सदस्य के पति अशोक सिंह उम्र 29 वर्ष पिता रामदेव सिंह ग्राम ओकरचुया थाना चंदवारा तथा नारायण सिंह उम्र करीब 50 वर्ष पिता स्वर्गीय बुधन सिंह हथ. पिड़वा टोला बेंदी थाना चंदवारा तथा अन्य 2 से 3 लोगों के द्वारा रात्रि में कंटेनर ट्रक से लाकर उसके घर में भंडारित किया गया था तथा अंग्रेजी शराब की सभी पेटियाँ बिहार राज्य में जंगली रास्ते के माध्यम से आपूर्ति करने के उद्देश्य से रखी गई थी त्वरित कार्रवाई करते हुए अशोक सिंह तथा नारायण सिंह को फरार होने से ठीक पहले गिरफ्तार कर लिया गया घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध खोजबीन जारी है। जिनमें 17808 बोतल मैं कुल 6746.400 लीटर विदेशी शराब व मोबाइल जप्त किया गया इस छापेमारी दल में शामिल चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार, राजेंद्र कुमार राणा, ओम प्रकाश, हरे राम प्रसाद, हवलदार बबलू मुर्मू, हवलदार दीपक कुमार आरक्षी/ 365 राकेश कुमार सिंह आरक्षी /584 पिंटू कुमार, दास व प्रभु गिरी इस छापेमारी दल में शामिल हुए।

## जल छाजन से चार लाख की लागत से बना तालाब को जेसीबी से भरकर बनाया खेत, जमीन बिक्री की तैयारी

### वर्ष 2011–12 में भू संरक्षण विभाग से बना था तालाब, मुखिया एवं ग्रामीणों ने सीओ से की जांच की मांग

**अपेम लाइवः बरही**



प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के शिवपुर गडलाही एवम बभनाडीह के सिमाने पर स्थित खाता संख्या 01 प्लॉट नंबर 5 एवं 6 गैरमाजूरवा जमीन पर भू संरक्षण विभाग की ओर से जल छाजन योजना के तहत बनाया गया तालाब को भर दिया गया है और उस जमीन को खेत का रूप देकर अब उसे बेचने की तैयारी की जा रही है। उक्त आरोप करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार एवं शिवपुर गडलही के ग्रामीण लगा रहे हैं। इस संबंध में मुखिया ने बरही सीओ को आवेदन देकर जांच की मांग की है। मुखिया मनोज कुमार एवं ग्रामीणों ने बताया की वर्ष 2011-12 में भू संरक्षण विभाग हजारीबाग से खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 5 व 6 कुल रकबा करीब एक एकड़ जमीन पर भूमि संरक्षण विभाग हजारीबाग द्वारा 200 फीट लंबाई एवं 200 फीट चौड़ा तालाब का निर्माण किया गया था। निर्माण का कार्य अभिकर्ता रंजीत रंजन एवं मनोज कुमार यादव के द्वारा किया गया था। तालाब के नजदीक शमशान घाट भी स्थित है, तालाब में सालों भर पानी रहता था। जिसका उपयोग स्थानीय ग्रामीण सिंचाई, नहाने, दाह संस्कार, कपड़ा धोना एवं पशुओं को पानी पिलाने के उपयोग में लाया जाता था। लेकिन कुछ समय पहले अचानक पता चला की ग्राम शिवपुर निवासी राजेश रंजन उर्फ विक्कू पिता सिद्धेश्वर प्रसाद द्वारा रात में जेसीबी मशीन के द्वारा डोभा में मिट्टी भरकर उसे समतल कर खेत में तब्दील कर दिया है और अब उसे बेचने की तैयारी की जा रही है। इधर राजीव रंजन से पूछे जाने पर बताया की जल छाजन से तालाब बनाया गया है। लेकिन उस तालाब को मैंने नही भरा है। किसने तालाब की भराई की है। इसकी जानकारी उन्हे नही है।

क्या कहते है ग्रामीणरू शिवपुर गडलाही के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की इस तालाब से लगभग 10 एकड़ फसल में सिंचाई की जाती थी। जिससे किसान अपनी सुविधा के अनुसार खेती कर फसल उपजाते थे। इधर जब से तालाब को भर दिया गया है। उसके बाद से सिंचाई तो दूर मवेशियों के लिए पानी की भी किल्लत होने लगी है। सिंचाई के अभाव से कई एकड़ खेत परती रह जा रहा है। शमशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए भी अब परेशानी होने लगी है। मुखिया मनोज कुमार, ग्रामीण तुलसी यादव, मोहन प्रजापति, राजू पंडित, पुरण राम, सकलदेव यादव, इंद्रदेव यादव, तुलसी राम, उमेश यादव, मुकेश यादव, नागेंद्र यादव, लोकनाथ यादव, प्रकाश यादव ने जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ


### पेड़ से टकराई कार, हादसे में पत्रकार की मौत



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : बालूमाथ थाना क्षेत्र के नवादा ग्राम के समीप सड़क दुर्घटना में एक हिंदी दैनिक अखबार के मनिका प्रतिनिधि कौशल किशोर पांडेय की मौत हो गई।प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पत्रकार कौशल किशोर पांडेय अपनी अ०ल्टो कार से जा रहे थे। इसी दौरान नवादा मोड़ के समीप उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। आनन–फानन में मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से कौशल किशोर पांडेय को गंभीर अवस्था में कार से बाहर निकालकर बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां डॉ. सुरेश राम ने उनका प्राथमिक उपचार किया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।लेकिन रांची ले जाने के क्रम में मांडर के समीप कौशल किशोर पांडेय ने दम तोड़ दिया। उनके निधन पर पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, वरीय पत्रकार सुनील कुमार, संजय तिवारी, डॉ. विशाल शर्मा, आशीष टैगोर, मनीष उपाध्याय, नीरज सिन्हा, चंद्रप्रकाश सिंह, पंकज कुमार, रूपेश कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, योगेश प्रसाद, अजय सिन्हा, राजेश कुमार के अलावा बालूमाथ के पत्रकार इरफान, कमरुल आरफी, पंचानन पाण्डेय ने शोक प्रकट किया है।

### ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने चलाया चेकिंग अभियान दर्जनों ट्रक से 1 लाखों का जुर्माना वसूला



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के रांची–दुमका मुख्य मार्ग पलौंजिया–बरहमसिया के सिमाना पर शनिवार सुबह लगभग 6 बजे से गिरिडीह ट्रैफिक इंस्पेक्टर के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें दर्जनों ट्रक से एम भी आई का उल्लंघन, ओवरलोड,परमिट तथा चालान नही रहने के कारण सभी ट्रकों का ऑनलाइन चालान जुर्माना के तौर पर काटा गया । उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि चालान नही रहने एवं ओवरलोड होने के कारण सभी ट्रक तेज गति से चलती है जिससे सड़क दुर्घटना में भी बढ़ोतरी होती है । इसी सड़क दुर्घटना को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया तथा जुर्माना के तौर पर 1 लाख से अधिक की राशि वसूली गई ।

### 5जून को जीडीएम सभागार भवन में पर्यावरण दिवस मनाई जाएगी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले पर्यावरण को लेकर 5 जून सोमवार समय 10. बजे सुबह से बड़कागांव जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में नागरिक अधिकार बड़कागांव द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। एवं चिंतन सभा का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर प्रखंड के कई प्रबुद्ध बुद्धि जनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बच्चा चोर गिरोह को साथ ले गया यूपी पुलिस व 2 बच्चे की सकुशल बरामदगी

**अपेम लाइव चंदवारा**



कोडरमा चंदवारा उत्तरप्रदेश के विभिन्न जिलों के थाना क्षेत्र से अप्रहत बच्चो की बरामदगी को लेकर यूपी पुलिस के एस आई सौरव पांडेय के नेतृत्व में पुलिस का एक दल कोडरमा जिला के चंदवारा थाना पहुच कर दो बच्चो को बरामद किया व कांड में शामिल गिरोह के चंदवारा थाना क्षेत्र के महुगाय निवासी जगवीर वर्णवाल उम्र 41 वर्ष पिता सहदेव मोदी,तिलैया के ग्लोबल नर्सिंग होम की नर्स अनुराधा देवी पति योगेंद्र शर्मा,गांधी स्कूल रोड़ निवासी गुड़िया देवी पति सकलदेव यादव,मंझगावां निवासी संतोष साव पिता बिहारी साव व पोकडण्डा निवासी संगीता देवी पति तुलसी राणा को ग्रिफ्तार कर यूपी ले जाया गया। बताते चले कि यूपी पुलिस को सूचना मिली थी कोड. रमा जिले में बच्चो को बेचने का कारोबार किया जाता था। मिली जानकारी के अनुसार कुल 6 अपहरित बच्चो में से 2 की सकुशल बरामदगी हुई है जबकि 4 बच्चो की बरामदगी अब तक नही हो पाई है। छापेमारी दल में यूपी पुलिस के एस आई सौरभ पांडेय,पवन कु सिंह,आनन्द चौरसिया के अलावे चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार,एस आई राजेन्द्र राणा शामिल थे।

## मजदूरी करने जा रहें आदिम जनजातिय युवक की ट्रेन से गिरकर हुआ मौत

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडाड/लातेहार : नेतरहाट थाना क्षेत्र के दूरूप पंचायत के गांव पुरानडीह के 25 वर्षीय आदिम जनजातिय अल्बर्ट बिरिजिया की ट्रेन से गिरकर 24 मई की मौत हो गई थी ।जिसका शव 10 दिन बाद लाकर गांव में दफनाया गया। क्या था मामला अल्बर्ट बिरिजिया अपने गांव के दो दोस्तों के साथ 21 मई को मजदूरी करने तमिलनाडू ट्रेन से जा रहा था, 14 मई को केरल स्टेशन से एक स्टेशन के पहले चलती ट्रेन से गिरकर अल्बर्ट बिरिजिया मौत हो गई, वही उसके दोस्त अगले स्टेशन में उतर इस हादसे की खबर रेलवे विभाग के कर्मी को दिया, फिर 16 मई को पुलिस द्वारा अल्बर्ट बिरिजिया के शव को जंगल क्षेत्र से ढूंढ़कर निकाला गया। पुरानडीह गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार नही मिलने के कारण दूरूप पंचायत भर से सैकड़ो ग्रामीण पलायन कर तामिलनाडू , केरल, दिल्ली, पंजाब जैसे महानगरों में मजदूरी करने जाते है ।इस संबंध में मृतक अल्बर्ट बिरिजिया के बड़े भाई सुनिल बिरिजिया ने कहा कि मेरी नैकरी रिजर्व पुलिस बल में है, इस कारण मुझे ज्यादा परेशानी तो नही हुआ, लेकिन कानूनी प्रक्रिया पूरा करते एवं पोस्टमार्टम होते नौ दिन के बाद मैने भाई के शव को गांव लाकर दफ़नाया, चार साल पूर्व इसकी शादी हुई थी, लेकिन कोई बच्चा नही है। पिछले दो साल से ये तमिलनाडू जाकर पाइन एप्पल के बगान में काम करता था।

## गोविंदपुर में अवैध आरा मिल पर छापेमारी, 35 पीस सखुआ बोटा जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




एसपी मनोज रतन चोथे के निर्देश पर गोविंदपुर में लकड़ी तस्करों पर बड़ी पुलिसिया कार्रवाई हुई है। एसपी को सूचना मिली थी कि गोविंदपुर इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध आरा मशीन संचालित है। इस सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुज उरांव की अगुवाई में पुलिस की टीम गठित की गई। टीम में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, सअनि नसीम अंसारी तथा थाना के पुलिस बल के जवानों को शरीक किया गया। टीम ने गोविंदपुर के खम्भरा जंगल में छापेमारी कर संचालित अवैध आरा मशीन को ध्वस्त कर दिया। परिसर में चिरान के लिए जमा कर रखे गए सखुआ और करंज की लकड़ियों को जब्त कर लिया गया। जब्त सामग्रियों में 35 पीस सखुआ बोटा, एक करंज बोटा, एक हाथी मशीन चक्का सहित, एक डीजल इंजन, एक प्लेट, एक रबर बेल्ट तथा सात आरा पत्ती शामिल हैं। मामले में आरोपी धनेश्वर महतो उर्फ ड०क्टर पिता स्व कैला महतो, बैजनाथ महतो पिता जीवधन महतो और जीवधन महतो पिता स्व. बालकी महतो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में लगेगा दिव्यांग शिविर, मेडिकल टीम गठित

**अपेम लाइव : बरही**



जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग के निर्देशानुसार अब से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दिव्यांग शिविर का अयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की उपायुक्त महोदया के निर्देशानुसार दिव्यांग शिविर का अयोजन प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार, सोमवार को अवकाश रहने पर उनके अगले दिन यानी मंगलवार को शिविर का अयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। इसके लिए 8 सदस्यीय मेडिकल टीम का भी गठन कर उन्हें निर्देशित किया गया है। मेडिकल टीम में डॉ संजीव हेंब्रम, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ संजीवनी मुर्मू नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ रूपा घोष, मनोचिकित्सक, डॉ साजिया फरनाज ईएनटी, डॉ रवि कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट को शामिल किया गया। इसके साथ ही इस टीम में लिपिक दानियाल बारला, ऑनलाइन कार्य हेतु मनीष कुमार रजक, राजेंद्र राणा चालक आरसीएच कार्यालय हजारीबाग को भी सहयोग के लिए शामिल किया गया है। डीएस ने कहा है की जिन्हे भी दिव्यांगता है और उनका प्रमाण पत्र नही बना है, वे समय पर आकर अपनी जांच करा ले और अपना प्रमाण पत्र बनवा लें। यह शिविर अनुमंडल स्तर का होगा।

APEM LIVE

## बरही में डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में मनाया गया विश्व बायसाइकिल दिवस

**अपेम लाइव : बरही**




बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में विश्व बायसाइकिल दिवस मनाया गया। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल से बरही चौक तक साइकिल रैली भी निकाला गया। जिसमें अब्दुल मनान वारसी एवं संजय दुबे सहित अस्पताल के दर्जनों अन्य कर्मी शामिल हुए। वहीं साइकिल दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य बताते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की हर साल 3 जून को दुनियाभर में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य साइकिल के महत्व को समझाते हुए स्वास्थ्य और पर्यावरण को होने वाले फायदों को लेकर जागरूक करना है। साइकिल चलाने से सेहत को कई फायदे होते है। इसे नियमित तौर पर चलाने से शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है। यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने जागरूकता फैलाने के लिए 2018 में शविश्व साइकिल दिवस मनाने की शुरुवात की गई।

विश्व बायसाइकिल दिवस पर अब्दुल मनान वारसी ने कहा की साइकिल चलाना हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। इससे पूरी शरीर एक्सरसाइज हो जाती है और तो और आप कई बड़ी बीमारियो से भी दूर रह सकते है। दिल के लिए फायदेमंद है साथ ही साइक्लिंग करने से दिल को काफी फायदा पहुंचता है।

## आरएसएस ने शिवाजी के जन्मदिवस को हिन्दू साम्राज्य दिवस के तौर पर मनाया, अखंड भारत का संकल्प

### सनातनी संस्कृति का लोप हो सकता है विश्व के विनाश का कारणरूभानु प्रताप

**अपेम लाइव : बरही**



हिंदू साम्राज्य दिवस मनाते स्वयंसेवक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तरुण व्यवसायी शाखा प्रखंड परिसर बरही और भगत सिंह तरुण प्रभात शाखा उजैना में स्वयंसेवकों ने हिंदू साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी के जन्म दिवस के अवसर पर शिवाजी के चित्र पर पुष्पार्चन कर हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया । इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता भानु प्रताप जी ने कहा की आज विविध प्रकार की सनातन विरोधी शक्तियां सनातन संस्कृति को और धर्म को नष्ट करने में लगी है । जिसके कारण अपना अखंड भारत टुकड़ों में विभाजित होता चला गया। इतना ही नहीं सनातन परंपरा के धीरे-धीरे विलोपन होने के कारण आज पूरा विश्व भय, आतंक एवं भ्रष्टाचार से ग्रसित हो गया है । हर और अशांति ही अशांति है । लोगों के अंदर केवल और केवल कट्टरता का भाव भरा पड़ा है । जिससे समाज को अपूरणीय क्षति सनातन संस्कृति ही पूरे विश्व की कल्याण की मंगल कामना करती है। अन्यथा विश्व के कल्याण की कामना करने वाली दूसरी कोई संस्कृति नहीं है। हमारी संस्कृति ही पूरी पृथ्वी पर निवास करने वाले सबों को अपने परिवार का सदस्य मानती है ।जैसे-जैसे इस संस्कृति का विलोपन हो रहा है वैसे वैसे विश्व अशांति और आतंक के माहौल में डूबता जा रहा है ।यही स्थिति रही तो सनातन संस्कृति के विलोपन के साथ ही पूरा जाएगा और पूरी पृथ्वी मानव विहीन हो जाएगी ।हम सबों को इस सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि हमारा यह सनातन संस्कृति पुनर्जीवित होकर विश्व को सींचने का काम करे। आज शिवाजी के आदर्शो पर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, जिला सह कार्यवाह राजेश केशरी,खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा, शाखा कारवाह अनन्त पासवान, नंद किशोर कुमार , ओम राज,प्रार्थना वाचक बलराम केसरी, आदित्य ओम एवं सुभाषित वाचक नैंशु कुमार , पीयूष कुमार, कृष्णा केशरी, रामपदरथ शर्मा, राजेंद्र केशरी, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, लोकेश कुमार,कुंदन कुमार, संतोष बर्नवाल, सुभाष कुमार, गोविन्द चंद्रवंशी, सुधीर चंद्रा, अजय निषाद, संतोष केशरी, अरुण साहू,सुनील सोनी, उमेश चंद्रवंशी, छोटी मेहता, कृष्णा गुप्ता, सिद्धार्थ, लक्की,रविकांत, उपस्थित रहे।

## विजैया में कल सर्वदलीय समिति द्वारा विशाल जनसभा का होगा आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड में स्थित विधायक कार्यालय में संध्या 5:30 बजे प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की लगभग तीन सप्ताह पूर्व विजैया निवासी महेंद्र यादव का शव कुंआ से बरामद किया गया था। जिसमे साजिश के तहत प्रखंड के उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बरही पूर्वी क्षेत्र के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव सहित कई अन्य लोगों पर महेंद्र यादव के हत्या में मामले में फंसाया जा रहा है। जिसको लेकर रविवार को विजैया प्लस टू हाई स्कूल के ग्राउंड में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लगभग पांच से छह हजार लोगों का शामिल शामिल होने की संभावना है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सारी सच्चाई सामने आ जाएंगी की महेंद्र यादव की मौत कुंआ में डूबने से हुई है या फिर उनकी हत्या की गई है। इस दौरान पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मो असरफ, मो असलम एवं बीरेंद्र यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही : विधायक उमाशंकर अकेला ने रसोइया धमना में धान बीज केंद्र का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत में धान बीज केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे। जहां विधायक, जीप सदस्या प्रीति कुमारी एवं पंसस मो तैयब का फुल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान बीज केंद्र का उद्घाटन किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की क्षेत्र के किसानों के लिए राज्य सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर धान बीज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा की धान बीज लेने के लिए किसानों को आधार कार्ड की छाया प्रति को जमा करना अनिवार्य होगा तथा निबंधित किसान को ही धान बीज मिलेगा। विधायक उमाशंकर अकेला, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार मिश्रा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मीडिया प्रभारी तौकीर रजा, पंसस मो तैयब, बीटीएम राजेश कुमार, उपमुखिया बिरेंद्र कुमार, पैक्स अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद, सुनील साव, नंदकिशोर कुमार, दीपक साव, संतोष कुमार, नितेश कुमार, सुखदेव साव, परमानंद साव एवं यमुना साव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण को लेकर एनटीपीसी के द्वारा नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया







**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के पर्यावरण विभाग द्वारा मिशन लाइफ के तहत पिछले कई दिनों से कई कार्यक्रम चलाई जा रही है। क्विज कंपटीशन, चित्रकला प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता के अलावा अब विभाग के द्वारा पिछले 2 दिनों से हजारीबाग और बड़कागांव क्षेत्र के कई इलाकों में नुक्कड़ नाटक आयोजित की जा रही है। पहले दिन जहां हजारीबाग के त्रिमूर्ति चौक एवं गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया वहीं दूसरे दिन माइंस एरिया में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक की गई। नुक्कड़ नाटक मुख्य रूप से प्लास्टिक पॉल्यूशन से होने वाले नुकसान के बारे में केंद्रित है। नुक्कड़ नाटक के पहले दिन आरंभ से पहले अशोक कुमार यादव क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हजारीबाग द्वारा वहां मौजूद लोगों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की शपथ दिलाई गई। कल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मिशन लाइफ के तहत लोगों को प्लास्टिक पोलूशन से होने वाले खतरे के बारे में अवगत कराया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक आयोजित करने का एक और मकसद दिया है कि लोगों को प्रेरित किया जा सके कि वे अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाएं जिससे प्लास्टिक का उपयोग कम से कम हो सके और पर्यावरण को कम से कम क्षति पहुंचे। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के द्वारा इससे पहले भी पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाते हुए परियोजना प्रभावित इलाकों में सैकड़ों वृक्ष लगाए गए हैं ।

## कान्हाचट्टी बाजार से गहरी नदी जाने वाली रुदुवा नदी पर बदला गया खराब ट्रांफार्मर

### पत्रकार और उपप्रमुख ने किया फीता काट कर उद्घाटन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के चिरिदिरी पंचायत के कान्हाचट्टी बाजार से बड़की नदी तरफ जाने वाली सड़क में पड़ने वाली रुदुवा पुल के समीप पिछले डेढ़ माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को ग्रामीणों के आग्रह पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनियाभियन्ता अशोक कुमार में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया ।जिसका उदघाटन शनिवार को पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह एवं प्रखण्ड उपप्रमुख सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया ।उद्घाटन नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया ।मौके पर उपस्थित लोगों को उपप्रमुख सुमन ने कहा कि प्रखण्ड के कई जगह ट्रांसफार्मर खराब है जिसे बिजली विभाग के सहयोग से बदला जाएगा।. उन्होंने कहा कि जल्द ही बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर प्रखण्ड में खराब पड़े ट्रांसफार्मर की सूची सौप कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह करेंगे ।प्रखण्ड में कही भी अंधेरे में नहीं रखा जाएगा ।मौके पर बिजली मिस्त्री सत्येन्द्र सिंह,उपमुखिया बबलू केशरी, राजकुमार सिंह,अनिल ठाकुर, बिरेन्द्र गोस्वामी,पिंटू केशरी, रिंटू ठाकुर,सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मिशन लाईफ के तहत गोवा गांव को सीआरपीएफ ने लिया गोद

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : पर्यावरण के प्रति अपनी चिन्ता और सजगता को आम जन तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार ने मिशन लाइफ कि शुरूआत कि है। मिशन लाइफ अर्थात पर्यावरण एक जीवन शैली ।भारत सरकार के इस मुहिम को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने एक संकल्प की तरह से लिया है और पूरे भारत में फैले अपने विभिन्न बटालियन और संस्थाओ के माध्यम से 15 दिवसीय विशद जन जागरण अभियान कि शुरूआत किया है। यह अभियान 20 मई से 05 जून तक मनाया जाना है ।इस के तहत लातेहार स्थित 11 बटालियन ने भी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के दिशा निर्देश पर बटालियन द्वारा ''मिशन लाईफ'' के तहत गोवा गांव को गोद लिया गया। गोवा गांव के मध्य विद्यालय में शनिवार को शिविर लगाकर ग्रामीणों को जलवायु परिवर्त्तन के संबंध मे अवगत कराया गया तथा ग्रामीणों से संकल्प करवाया गया कि पानी को बर्बाद नहीं करेंगे, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे और ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधो को लगायेंगे जिससे कि पर्यावरण का संरक्षण हो सके। ग्रामीणों के बीच विभिन्न सामानो का वितरण इसी क्रम में ग्रामीणों के आग्रह पर मंदिर के लिए एक पानी टंकी, स्कूल में खाना बनाने के लिए बर्तन, बच्चो को फुटबॉल, विद्यार्थियो को प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पुस्तकें और गoव वाले के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया साथ ही साथ ग्रामीणों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की गई। सीआरपीएफ द्वारा किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए 11 बटालियन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कमाण्डेंट-11 बटा के द्वारा ग्रामीणों को आशवस्त किया गया कि ग्रामीणों की हर समस्या में 11 बटालियन साथ देगी। बटालियन यथासम्भव मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। इसी क्रम में डॉ रूपेश कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी- 11 बटा के द्वारा ग्रामीणों को अवगत कराया गया है कि जिसके पास आयुष्मान कार्ड है वे 11 बटालियन के यूनिट अस्पताल मे आकर ईलाज/परामर्श ले सकते है। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि बिजली एवं पानी का इस्तेमाल आवशयकतानुसार ही करें जिससे आने वाले पीढियों को पानी और बिजली उपलब्ध हो सके एवं भविष्य को ध्यान मे रखते हुए पेड़-पौधो का रोपण कर पर्यावरण का संरक्षण भी करना जरूरी है। गांव में पांच हजार स्थान पर होंगे वृक्षारोपण मिशन लाईफ के तहत द्वितीय चरण में वन विभाग लातेहार से 5000 पेड़-पौधो के लिए सम्पर्क किया गया है जैसे ही उपलब्ध होता है तो गुवा ग्राम मे उक्त पेड़ पौधो का वृक्षारोपण किया जाएगा। इस मौके पर वेद प्रकाश त्रिपाठी, कमाण्डेंट-11 बटा0, जुगल किशोर जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रणव आनन्द झा, उप कमाण्डेंट, डo रूपेश कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सूबेदार मेजर राजा सिंह तोमर, इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप निरीक्षक रामाकांत सिंह, सुनिता देवी, (मुखिया), सरिता देवी (सरपंच), रनिया देवी (पूर्व मुखिया), गोविन्द साव (पूर्व सरपंच), भक्तु नगेसिया (प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय गुवा) एवं गुवा गoव के ग्रामीण और 11 बटालियन के समस्त जवान उपस्थित थे।






# संवेदक संघ की हुवी बैठक,प्रखंड कमिटी का किया गया गठन

## प्रखण्ड में निकलने वाला टेंडर में हो स्थानीय की भागीदारी योगेश यादव अध्यक्ष एवं राजेन्द्र राम बने संघ का सचिव

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के चीरिदीरी पंचयात सचिवालय में शनिवार को प्रखंड स्तरीय संवेदक संघ की बैठक आयोजित किया गया।जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व संचालन मंत्री प्रतिनिधि राजेंदर राम ने किया। प्रखंड के दस पंचयतो में जिला परिषद व ग्रामीण विकास विभाग के द्वरा निकाली गई 10 करोड़ की लागत से 24 निविदा निकाली गई है, उक्त निविदा में प्रखंड के संवेदको द्वारा सहमति बना कर निविदा में भाग लेने की बात कही गई। जिससे निविदा प्राक्कलित राशि के अनुसार सिड्यूल रेट पर प्राप्त किया जा सके,जिससे कार्य प्राकलन के अनुसार गुणवाता पूर्ण कराया जा सके।,निविदा प्रक्रिया संवेदको की सविदा प्रक्रिया में सफल हिसेदारी को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया।सर्व सम्मति से योगेश यादव को अध्यक्ष, सच्चिदानंद सिंह को उपाध्यक्ष, राजेंदर राम को सचिव ,राजेश दास को सह सचिव,प्रकश यादव मिडिया प्रभारी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, भीम सिंह, बासुदेव यादव,बिकाश सिंह, मिस्टर मिया,रंजन साव,मनोज सिंह को संरक्षक बनाया गया है,इसके अलावे मंत्री सत्यनाद भोकता, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,उप प्रमुख इंदु देवी को पदेन सदस्य बनाया गया है।

# विष्णुगढ़ भामसं प्रखंड कमेटी का किया गया पुनर्गठन

## थानेश्वर प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड सचिव बने अजीत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




भारतीय मजदूर संघ की बैठक शनिवार को पुराना बजाज शो रूम परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भामसं हजारीबाग जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने किया ने किया जबकि संचालन भामसं भवन निर्माण जिला अध्यक्ष सुरेश राम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भामसं हजारीबाग जिला मंत्री नीरज सिंह समेत जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिला संयुक्त सचिव गैलेक्सी गौरव, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार,जिला भवन निर्माण अध्यक्ष सुरेश राम तथा भामसं भवन निर्माण कोषाध्यक्ष भैया नितीश कुमार उपस्थित हुए। जिला से आए सभी पदाधिकारियों ने बारी बारी से संगठन के उद्देश्यों के बारे में बारीकी से लोगों के समक्ष रखा साथ ही साथ सहिया साथी के हितों पर विशेष चर्चा की गई तथा संगठन के विस्तार पर भी चर्चा के बाद विष्णुगढ़ भामसं पुराने प्रखंड कमेटी को निरस्त करते हुए सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन कर थानेश्वर महतो को प्रखंड अध्यक्ष तथा अजित मिश्रा को सचिव मनोनीत किये गए। वहीं, शशि लाहकर तथा मीना देवी को उपाध्यक्ष, पिंकी देवी तथा महादेव मुर्मू को सह सचिव,बिनोद सिंह को प्रखंड संगठन मंत्री तथा तुलो महतो को कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष नवीन सिंहा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में माही पटेल, अजय प्रसाद साव, बिनोद सिंह,संजय कुमार, संतोष कुमार तथा प्रकाश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।




# सदस्यता अभियान चलाने को लेकर प्रेस क्लब की हुई बैठक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में शनिवार को सदस्यता अभियान चलाने को लेकर प्रेस क्लब की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र कुमार दूबे ने की। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य अमूल्यचंद्र पांडेय ने कहा कि जिला प्रेस क्लब के निर्देश पर विभिन्न प्रखंडों में प्रेस क्लब का गठन किया जाना है। इसे लेकर सर्वप्रथम लोगों को प्रेस क्लब का सदस्य बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। 10 जून तक सदस्य बनने की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रखंड प्रेस क्लब का चुनाव किया जाएगा। बैठक के दौरान कई सदस्यों ने प्रेस क्लब की सदस्यता ग्रहण की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 जून को प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर पुनः बैठक की जाएगी। इसके उपरांत प्रखंड प्रेस क्लब के चुनाव की तिथि निर्धारित की जाएगी। मौके पर बंटी मिश्रा, राजेश्वर महतो, श्री प्रसाद सोनी, सुबोध मिश्रा, धीरज शर्मा, संतोष शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# विश्व साइकिल दिवस पर बनवारी साहू महाविद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




लातेहार : विश्व साइकिल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के बैनर तले बनवारी साहू महाविद्यालय में जागरूकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने खुद साईकल चलाई । मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक साबित हो सकता है। दैनिक जीवन में साइकिल चलाने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। मौके पर एनएसएस के नोडल अधिकारी प्रो नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि ईंधन से चलने वाले दो पहिया वाहनों के उपयोग से आर्थिक क्षति एवं पर्यावरण में विपरीत प्रभाव पड़ता है। इन सब चीजों से बचने के लिए साइकिल का उपयोग आज के परिवेश में महत्वपूर्ण है। मौके पर अनु कुमारी, कविता कुमारी, आरती कुमारी, शीतल, अनामिका, रविंद्र सिंह, जय मुनि, नंदा एवं उषा कुमारी आदि उपस्थित रहे ।

# मन का मिलन पखवाड़ा में दो मामलों का हुआ निष्पादन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : झालसा रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 29 मई से 14 जून तक सिविल कोर्ट परिसर में परिसर में मन का मिलन पकवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।इसके तहत शनिवार को कुल 3 मामलों का सुनवाई किया गया जिसमे 2 मामलों का निष्पादन किया गया। एक मामला चेक बाउंस से सम्बंधित था।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने कहा कि मन का मिलन पखवाङा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। मन का मिलन पखवाङा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता का आयोजन किया जा रहा है मौके पर डीएलएसए के मध्यस्थतकर्ता करता पंकज कुमार, लाल अरविंद नाथ शाहदेव,संजय कुमार, लाल जन्म जय नाथ शाहदेव तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अदाणी फॉउंडेशन ने चित्रांकन प्रतियोगिता का किया आयोजन

### करीब सौ महिलाओं ने कागजों पर पर्यावरण बचाने के लिए उकेरे चित्र

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव : अदाणी फॉउंडेशन की ओर से शनिवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न गावों की महिलाओं के बीच एक चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस वर्ष के थीम ष्स्टॉप प्लास्टिक प०ल्यूशनष को केंद्र में रखकर महिलाओं ने चित्र बनाए। इस दौरान गोन्दलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, डीजीएम संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित कुमार गुप्ता, शरद मिश्रा ,सरोज सोनी समेत करीब सौ महिलाएं मौजूद थीं।

## जूनियर सब जूनियर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के विजेता तैराकों को मेरिट सर्टिफिकेट एवं पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के द्वारा डीपीएस स्कूल हजारीबाग में हुए जूनियर सब जूनियर स्विमिंग चौंपियनशिप के विजेता तैराकों एवं प्रतिभागियों को डॉल्फिनो रिजॉर्ट ओकनी में प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले जिले के तैराकों को राज्य स्तरीय जूनियर सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा इस अवसर पर तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि जिले सीनियर और जूनियर दोनों तैराकी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष कराया जाएगा । उपाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा की तैराकों को हर संभव मदद किया जाएगा। प्रमाण पत्र वितरण तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा उपाध्यक्ष विकास कुमार सचिव प्रहलाद सिंह, सह–सचिव मनु कुमार राणा, के हाथों दिया गया मौके पर गौरव कुमार , कौशल कुमार सत्यम कुमार हर्षित कुमार रवि कांत सीताराम साहू रवि सिंह अजय मिश्रा तरंग भारती ममता कुमारी सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे




## कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड के ग्राम डाड़ीकला में कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के कार्यालय का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसकी अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर राम एवं संचालन ज्ञान उदय विकास विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद रियासत हसन ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि एनटीपीसी कंपनी को आने से मेरा परिवार को ज्यादा नुकसान हुआ हो गया. मेरे पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, माता पूर्व विधायक निर्मला दवी को जेल भेजा दिया गया.यहां तक कि उन्हें राज्य बदर भी कर दिया गया.जिस तरह का आरोप है उस तरह से वे अब वे चुनाव नहीं लड़ पाएंगे. लेकिन न्यायालय में कानूनी प्रक्रिया चल रही है शायद उन्हें न्याय की देवी द्वारा न्याय मिल सके. मैं भी पिता की तरह आंदोलनरत हूं. विधायक बनने के बाद मैं कंपनी के खिलाफ आंदोलन शुरू की.27 स्थानों पर धरना प्रदर्शन किया गया. लेकिन कुछ लोग धोखा देकर धरना समाप्त कर दी. जिससे आंदोलन कमजोर हो गया. मैं बड़कागांव की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री को भी सारी जानकारी दिया. उन्होंने यह भी कहा आप अपने अंदर ढूंढिए कि आप कितने मजबूत हैं .लोगों में एकजुटता नहीं है. इसलिए कंपनी की मनमानी बढ़ गई है. यही कारण है कि कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति का गठन किया गया. समिति विस्थापितों की समस्या का मुद्दा उठाते रहेगी,तो मैं हमेशा समर्थन करूंगी. विधायक ने कहा कि मैं विस्थापन की समस्या को लेकर राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से मिलकर सारी वस्तु स्थिति की जानकारी दी हूँ. इसके अलावा पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, फ्यूम अंसारी,रितेश ठाकुर, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, शिशु मिश्रा,पंकज कुमार साव समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया.मौके पर कुलेश्वर राम, पंकज कुमार, अब्दुल जब्बार, अनवर अली, शमीम अहमद, साबिर हुसैन, सिकंदर साव, पददुम साव, राजेश रजक, बालेश्वर साव, कासिम अंसारी, डुभन साव, निर्मल राम, रफुल मियाँ, मो0 तस्लीम, वाहिद अली, संजय कुमार साव, मसकुर आलम, अजय कुमार, चंद्रिका साव, फयूम अंसारी, नसरुल्लाह, शफीउल्ला अंसारी, शिशु मिश्र, कृष्णा ओझा, नेजाम अंसारी, ताहिर अली समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मनिका विधायक ने किया हामी - ओरसा पाठ रोड का शिलान्यास

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़ लातेहार : मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को पथ निर्माण विभाग द्वारा लगभग 65 करोड़ की लागत से बनने वाले हामी से ओरसा होते हुए छतीसगढ़ सीमाना तक 13.5 किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ व शिलापट से पर्दा उठाकर किया।इस मौके पर हामी मोड़ में जनसभा का आयोजन किया गया।जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वर्षो से ओरसा पंचायत की ग्रामीण इस सड़क की मांग को लेकर प्रयासरत थे। वहीं ओरसा पंचायत के लगभग सभी गांव सड़क नहीं होने की कारण प्रखंड मुख्यालय से कट जाते थे और सड़क नहीं होने के कारण विकास कार्य भी पूरी तरह बाधित था।लेकिन ग्रामीणों की बहु प्रतीक्षित मांग पूरा होने से ग्रामीणों में एक आस जगी है कि अब उनके क्षेत्र का भी चौतरफा विकास होगा साथ ही इस रोड के बन जाने से ओरसा पंचायत के अलावा छतीसगढ़ के लोगों का व्यापार प्रखंड बढ़ेगा। इस अवसर पर ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी ने ओरसा पंचायत की जनता की ओर से स्थानीय विधायक को रोड निर्माण के लिए हार्दिक बधाई दिया साथ ही क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराया।कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की ओरसा पंचायत के ग्रामीणों ने रोड बनाने की मांग को लेकर काफी संघर्ष किया है, जिसपर ध्यान देते हुए विधायक जी के अनुशंसा से इस`कां का निर्माण हो रहा है जिसके परिणाम स्वरूप ओरसा के ग्रामीणों को अनुमंडल मुख्यालय आने–जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।वही कार्यक्रम के दौरान विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा जनसभा लगाकर उपस्थित लोगों की समस्याओं को भी सुना गया,इस दौरान ओरसा पंचायत के ग्रामीणों में सड़क निर्माण को लेकर हर्ष व्याप्त था। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावा एसडीपीओ राजेश कुजूर,बीडीओ सह सीओ अमरेन डांग,प्रमुख कंचन कुजूर,उप प्रमुख अभय मिंज,कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सदस्य इफ्तेखार अहमद, अजितपाल कुजूर,राम नरेश ठाकुर बसारत अली नुरुल कादरी समेत ओरसा और हामी पंचायत के ग्रामीणों के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

